आकाशवाणी क्षेत्रीय समाचार

रविवार 25.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित किया, कहा– बहन–बेटियों और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना की। श्री मोदी ने स्पेसटेक स्टार्ट–अप गैलेक्सी आई की टीम में शामिल अल्मोड़ के रक्षित से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।
- प्रदेश सरकार ने चमोली जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिए।
- राज्य में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए वैदिक मंत्रों पर शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पीएम ऑन लखपति दीदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए सख्त कानून बनाए हैं। नई भारतीय न्याय संहिता में भी कई कड़े प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के बारे में कड़ा संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है और दोषी कोई भी हो, वह बचना नहीं चाहिए।

आज महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लखपति दीदी केवल बहन बेटियों की कमाई बढ़ाने का अभियान नहीं बल्कि पूरे परिवार और पीढ़ियों को सशक्त बनाने तथा गांव के अर्थतंत्र में बदलाव लाने का माध्यम है।

सम्मेलन में श्री मोदी ने 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ढाई हजार करोड़ रुपये

का एक रिवाल्विंग फंड जारी किया। इससे स्वयं सहायता समूह के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–3 की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। स्पेसटेक स्टार्ट–अप गैलेक्सी आई की टीम से बातचीत के दौरान श्री मोदी ने उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा निवासी रक्षित से भी बातचीत की।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में ऐसे बहुत से लोगों ने स्वयं को देश की आजादी के लिए झोंक दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए आज भी उसी जज्बे की जरूरत है।

## मन की बात–02

प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और श्एक पेड़ मां के नामश अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन में फिटनेस बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और रहन–सहन पर ध्यान देते रहना चाहिए।

इस बीच, मन की बात कार्यक्रम को प्रदेशभर में सुना गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम युवा पीढ़ी, मातृशक्ति के उत्थान और सभी को प्रेरणा देने का काम करता है। मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा के रक्षित का जिक्र करते हुए कहा कि आज प्रदेश का युवा प्रत्येक क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। हरिद्वार और उत्तरकाशी जिले की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लखपति दीदीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। आकाशवाणी से बातचीत में लखपति दीदीयों ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक होता है।

## खेल मंत्री

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नागरिकों से इस महीने की 29 तारीख को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कम से कम एक घंटे के लिए किसी भी आउटडोर खेल में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि आउटडोर खेलों में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'खेलेगा इंडिया, तभी तो खिलेगा इंडिया' का दृष्टिकोण देश को खेलों के प्रति मार्गदर्शन देगा।

## संस्कृत शिक्षा सचिव

प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए वैदिक मंत्रों पर शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव दीपक कुमार ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा के वैदिक मंत्रों पर आज विश्वभर में शोध हो रहे हैं, जो मानव जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। श्री कुमार ने आज रुद्रप्रयाग जिले में स्थित संस्कृत विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षक और छात्रों से विद्यालयों की बेहतरी के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा से संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने पर भी कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा संस्कृत विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को भी आधुनिक तकनीक और शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## उत्तराखंड शासन

प्रदेश सरकार ने चमोली जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड शासन में कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार गैरोला ने चमोली के पीपलकोटी में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आपदा से हुए नुकसान, राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उपजिलाधिकारी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को 27 अगस्त तक कमेटी गठित कर भूमि अधिग्रहण के लिए अग्रिम कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही श्री गैरोला ने जिले के हर क्षेत्र में समय–समय पर जन अदालत का आयोजन करते हुए लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर जोर दिया।

## सीएम से मुलाकात

उत्तरकाशी में सर–बडियार/सरनौल– सौत्तरी से सरूताल तक के ट्रेक को ''ट्रेक ऑफ द ईयर'' घोषित किए जाने के बाद से पुरोला क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय

युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही पर्यटकों और ट्रैक्टरों को प्रकृति की खूबसूरती का अनुभव होगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी विकास सुविधाओं को विकसित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रुकेगा।

## सातू आठु

कुमाऊँ मंडल में इन दिनों लोकपर्व सातू–आठू की धूम है। चंपावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बागेश्वर जिलों के साथ ही नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में भी इसे विशेष पर्व के रूप में मनाया जाता है। गौरा महोत्सव के नाम से जाने जाने वाले इस पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही मांगलिक कार्य आयोजित किए जाते हैं। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पंचमी से शुरू होता है, जिसे बिरुड़ पंचमी के नाम से जाना जाता है। इस पर्व में सप्तमी को गौरा और अष्टमी को महेश की मूर्ति बनाकर विधि–विधान से उनकी पूजा कर मांगलिक कार्य किए जाते हैं। इस दौरान गीतों के माध्यम से रामायण, महाभारत पर व्याख्यान देने के साथ ही झोड़ा, चाचरी, न्योली, चैफला, मंडाण, धुमारी, भजन कीर्तन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। चंपावत जिले के मल्ली हाट निवासी भावना बिष्ट बताती हैं कि सातू आठू पर्व की शुरुआत विभिन्न प्रकार के अनाज भिगोने से होती है।

## जन्म अश्टमी

प्रदेश में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और दुर्गाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस बीच, प्रदेश में जगह–जगह कृष्ण लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। श्री कृष्ण जन्माष्टी को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

## स्वीकृति

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए युनिफाइड पेंशन स्कीम को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 वर्ष तक की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम 12 महीनों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन 60 प्रतिशत कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा।